नव भारत 1934 से

# अंतिम चरण में 90% वोटिंग

## बंगाल में सर्विस मतदाता सहित कुल 3 .22 करोड़ से अधिक ने डाला वोट

**कोलकाता, 29 अप्रैल. बंगाल में आखिरी चरण के चुनाव में कल 142 सीटों पर मतदान हुआ. कई दिग्गजों ने बुधवार को मतदान किया. भवानीपुर में ममता बनर्जी ने वोट डाला. शाम पांच बजे तक 89.99 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। 142 विधानसभा सीटों के लिए 1448 उम्मीदवार मैदान में हैं। मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ और शाम छह बजे तक वोटिंग हुई.**

भवानीपुर सीट पर उनके खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार सुवेंदु अधिकारी चुनाव मैदान में है। श्री





अधिकारी को बुधवार को कालीघाट इलाके में विरोध का सामना करना पड़ा. वहीं मतदान से पहले ममता बनर्जी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि टीएमसी ये चुनाव जीत रही है.

मतदान के बीच जैसे ही अधिकारी क्षेत्र में पहुंचे, तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जय बंगला के नारे लगाए. संवेदनशील इलाकों में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल किया गया था. इस चरण में

### चुनाव आयोग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार

| | |
|---|---|
| भवानीपुर | 85 .51% |
| हुगली | 90 .34% |
| हावड़ा | 89 .44 % |
| कोलकाता | 87 .77% |
| नदिया | 90 .28 % |
| उत्तर परगना | 89.74% |
| 24 परगना | 89.57% |

सर्विस मतदाता सहित कुल 3.22 करोड से अधिक मतदाता हैं, जिनमें 1.64 करोड़ पुरुष, 1.57 करोड़ महिलाएं, 792 उभयलिंगी मतदाता शामिल हैं. पश्चिम बंगाल में कुल 6.44 करोड़ मतदाता हैं.

# गंगा एक्सप्रेस-वे यूपी की नई जीवनरेखा

## प्रधानमंत्री मोदी ने किया गंगा एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन

**हरदोई ( यूपी ), 29 अप्रैल. उत्तर प्रदेश के विकास को नई रफ्तार देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को हरदोई में गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया. यह 594 किलोमीटर लंबा एक्सेस-कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे राज्य के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और इसे प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की 'नई जीवनरेखा' माना जा रहा है.**

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस परियोजना का नाम मां गंगा के नाम पर रखा जाना अत्यंत गौरव की बात है. उन्होंने कहा कि जैसे



मां गंगा सदियों से जीवनदायिनी रही हैं, वैसे ही यह एक्सप्रेसवे आधुनिक भारत में विकास की धारा को गति देगा. पीएम मोदी ने इसे भारत की सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक तकनीकी प्रगति का संगम बताया.

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि हाल के वर्षों में देश में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास तेजी से हुआ है और नए एक्सप्रेस-वे भारत की प्रगति की दिशा को दर्शाते हैं. उन्होंने यह भी कहा कि यह परियोजना न केवल यात्रा को आसान बनाएगी बल्कि औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न करेगी. कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने देश के अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का भी उल्लेख किया और कहा कि भारत अब तेजी से विकसित देशों की श्रेणी में अपनी जगह मजबूत कर रहा है.

### बंगाल में लोगों ने भयमुक्त होकर दिया वोट : प्रधानमंत्री

**वाराणसी, 29 अप्रैल.** बंगाल चुनाव में वोटिंग पर पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल में इस बार लोगों ने भयमुक्त होकर वोट दिया. यह देश के संविधान और देश के मजबूत होते लोकतंत्र का पुण्य प्रतीक है. मैं बंगाल की जनता का आभार व्यक्त करता हूं कि वो अपने अधिकार के प्रति इतनी सजग है और बड़ी संख्या में वोटिंग की है.

# चिकलिया फाटा के पास सड़क हादसे में 12 की मौत

## मजदूरों से भरी पिकअप टायर फटने के बाद अनियंत्रित होकर स्कॉर्पियो से टकराई

**नवभारत न्यूज**

**इंदौर 29 अप्रैल. धार में बुधवार रात भीषण सड़क हादसे में दो बच्चों समेत 12 मजदूरों की मौत हो गई और 13 गंभीर घायल हैं.**

इंदौर-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर चिकलिया फाटा के पास जियो पेट्रोल पंप के नजदीक रात करीब साढ़े 8 बजे यह हादसा हुआ. मजदूरों से भरी पिकअप में करीब 35 लोग सवार थे. तेज रफ्तार में चल रही पिकअप का टायर अचानक फट गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर रॉन्ग साइड में पहुंचा और सामने से आ रही स्कॉर्पियो से टकरा गया.



टक्कर के बाद पिकअप तीन-चार बार पलट गई. हादसे में मौके पर ही कई लोगों की जान चली गई. जिला अस्पताल सूत्रों ने नवभारत को बताया कि 10 गंभीर घायलों को इंदौर के एमवाय अस्पताल रेफर किया है. एसपी मयंक अवस्थी ने नवभारत से चर्चा करते हुए कहा कि तेज रफ्तार और वाहन पर नियंत्रण खोना हादसे की बड़ी वजह रही. टायर फटने के बाद पिकअप सीधे डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में घुस गई, जहां स्कॉर्पियो से आमने-सामने टक्कर हो गई. मामले में अभी पड़ताल की जा रही है. वहीं हादसे के बाद प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य तेज किया. मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के निर्देश पर इंदौर संभागायुक्त और आईजी को मौके पर भेजा है. उन्हें सभी घायलों का इलाज निश्शुल्क कराने के निर्देश दिए गए हैं और इंदौर के अस्पतालों को भी अलर्ट किया गया है. घटना पर केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना.

### पीएम और सीएम ने किया मुआवजे का ऐलान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार जिले में हुई दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया है. प्रधानमंत्री मोदी ने दिवंगतों के परिजन को दो-दो लाख रुपये और घायलों के समुचित उपचार के लिए 50-50 हजार की राशि स्वीकृत की है. वहीं मुख्यमंत्री डॉ यादव ने दुर्घटना में दिवंगत के परिजन को 4-4 लाख रुपए, गंभीर घायलों को 1-1 लाख रुपए तथा घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं.

# असम में बीजेपी, बंगाल में कांटे की टक्कर



**नई दिल्ली, 29 अप्रैल. चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव प्रक्रिया पूरी हो चुकी है. जेवीएस और एक्सिस माई इंडिया के अनुसार एग्जिट पोल्स ने संभावित परिणामों की तस्वीर पेश कर दी है. पश्चिम बंगाल में बीजेपी के बहुमत की संभावना दिखाई दे रही है, जबकि टीएमसी के लिए मुकाबला चुनौतीपूर्ण हो गया है. असम में मौजूदा सरकार के मजबूत बने रहने के संकेत हैं और पार्टी तीसरी लगातार बार सत्ता में लौट सकती है।**

### एग्जिट पोल 2026 - पांच राज्यों और पुडुचेरी का संपूर्ण पैकेज

| पश्चिम बंगाल (294 सीटें) | | असम (126 सीटें) | |
|---|---|---|---|
| बीजेपी | 150-175 | एनडीए (बीजेपी +) | 82-101 |
| टीएमसी | 118-140 | कांग्रेस गठबंधन | 23-36 |
| कांग्रेस/अन्य | 2-10 | अन्य | 1-12 |
| बहुमत के लिए आवश्यक सीटें | 148 | बहुमत के लिए आवश्यक सीटें | 64 |

| पुडुचेरी (30 सीटें) | | | |
|---|---|---|---|
| बीजेपी+ | 16-20 | अन्य | 3-7 |
| कांग्रेस+ | 6-8 | बहुमत के लिए आवश्यक सीटें | 16 |

| तमिलनाडु (234 सीटें) | | केरल (140 सीटें) | |
|---|---|---|---|
| डीएमके + | 125-145 | यूडीएफ | 70-90 |
| एआईएडीएमके + | 65-85 | एलडीएफ | 49-65 |
| टीवीके (विजय) | 18-24 | बीजेपी + | 0-5 |
| अन्य | 0-6 | | |
| बहुमत के लिए सीटें | 118 | बहुमत के लिए आवश्यक सीटें | 71 |





एक्स-शोरूम कीमत# ₹88,411 | INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply | Also Available on: Flipkart amazon.in | इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक HDFC BANK FESTIVE TREATS SBI card क्रेडिट कार्ड Powered by pine labs

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. World's no 1 disclaimer - Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2025 Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market(CY25). Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. Available at selectdealerships. *Limited period offer, T&C Apply. #Ex-showroom price of Glamour X Drum variant in Madhya Pradesh.^T&C Apply.

TOLL FREE NO. 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, दमोह: इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, एसोशिएट डीलरः पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़ार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांडुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: सॉंई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रूसिया मोटर्स 9425822392, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन : रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, मड़वास: ओम मोटर्स, 9009066959, मझौली: न्यू कुन्दन ऑटोमोबाइल्स, 9584628677, खटखरी: खटखरी ऑटोमोबाइल, 9617241112, गुढ़: विंध्य मोटर्स, 9229072020, कोठी: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स, 7987308294, 8305809951, उंचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 9589176355, रामपुर नैकिन (सीधी): लक्ष्मी जी ऑटोमोबाइल्स, 9406782277, दुधमनिया सिंगरौली: राधा कृष्ण मोटर्स, 7000995137, गढ़: अंबे मोटर्स, 9144881695, बीरसिंहपुर: तनु ऑटोमोबाइल्स, 9425886424, देवतालाब: वर्षा मोटर्स, 9424622310, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.

FCB INTERFACE/8486/DEC25/HINDI